भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

17.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4031 का उत्तर

दिल्ली-अलवर रेल लाइन का दोहरीकरण/विद्युतीकरण

4031. श्री बालक नाथः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) काफी समय से लंबित दिल्ली-अलवर रेल लाइन के दोहरीकरण और विद्युतीकरण की वर्तमान स्थिति क्या है और विलंब के क्या कारण हैं;

(ख) क्या इस परियोजना के लिए कोई निधि आवंटित की गई है/आवंटित की जा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त कार्य कब तक पूर्ण होने की संभावना है; और

(ग) क्या अलवर और दिल्ली कैंट के मध्य ईएमयू चलाने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क): दिल्ली-अलवर लाइन का दोहरीकरण और विद्युतीकरण पूरा कर लिया गया है और यातायात के लिए खोल दिया गया है।

(ख): प्रश्न नहीं उठता है, क्योंकि दोहरीकरण और विद्युतीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है।

(ग): जी नहीं। अलवर में टर्मिनल संबंधी तंगी सहित परिचालनिक और अवसंरचनात्मक तंगी के कारण, अलवर और दिल्ली कैंट के बीच ईएमयू गाड़ी शुरु करना फिलहाल व्यवहारिक नहीं है.

****

mm